लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद,हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष तृतीया 06:19 उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

वर्ष 4, अंक 172, पृष्ठ 16, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

बरेली, सोमवार, 8 मई 2023

www.amritvichar.com

PAGE NO : 08 TOP

खून की जांच के बिना किसी भी बीमारी का इलाज मुश्किल

बरेली, अमृत विचार : रोगी के इलाज में खून की जांच रिपोर्ट महत्वपूर्ण होती है। खून की जांच के बिना किसी भी बीमारी का इलाज मुश्किल है। सही इलाज के लिए सभी चिकित्सक हेमेटोलॉजी की रिपोर्ट पर निर्भर हैं। यह बात रविवार को एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति ने इंडियन एसोसिएशन आफ पैथोलॉजिस्ट एंड माइक्रोबायोलाजिस्ट के यूपी चैप्टर के तत्वावधान में एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में पैथोलॉजी विभाग के सहयोग से हुई हेमेटोलॉजी अपडेट्स विषय पर दो दिवसीय कांफ्रेंस और वर्कशाप में कही। इससे पहले मुख्य अतिथि दिल्ली स्थित मैक्स सुपरस्पेशियलिटी हास्पिटल के लैब सर्विसेज के सीनियर डायरेक्टर एवं एचओडी डा.अनिल हांडू, देवमूर्ति, डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति, डा.एमएस बुटोला, डा.तनु अग्रवाल और डा. सुरभि पांडेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर कांफ्रेंस का उद्घाटन किया। मुंबई स्थित टाटा मेमोरियल कैंसर इंस्टीट्यूट के प्रोफेसर डा.सुमित गुजराल, डा.अनिल हांडू, एसजीपीजीआई लखनऊ के एडिशनल प्रोफेसर खलिकुर रहमान, डा.रुचि गुप्ता, डा.राहुल भार्गव, डा.जसमिता दास ने हेमेटोलॉजी से संबंधित अपनी रिसर्च पर व्याख्यान दिए। संचालन डा.प्रिया लोचब ने किया।